>

Title: Regarding ill behavior made by anti social elements in Uttar Pradesh Vidhan Sabha.

श्री धर्मेन्द्र यादव : महोदया, मैंने आपको प्रश्नकाल स्थगन और कार्य स्थगन का नोटिस दिया था। आपके आश्वासन पर हम धैर्य से बैठे रहे, लेकिन बहुत अफसोस है कि उत्तर प्रदेश, जो देश का सबसे बड़ा राज्य है, उस राज्य की पूरी लोकतांत्रिक व्यवस्था भंग हो गयी है। **...**(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप लोग बैठ जाइए।

â€¦(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : सिर्फ श्री धर्मेंद्र यादव जी की बात रिकॉर्ड में जाएगी। Nothing else will be recorded.

...(*Interruptions*)

श्री धर्मेन्द्र यादव : उत्तर प्रदेश के विधायकों को असामाजिक तत्वों द्वारा विधानसभा में पीटा गया और उनको सदन से बाहर निकाला गया। वहां सभी लोकतांत्रिक संस्थाएं भंग कर की जा रही हैं, धनबल, सत्ताबल के दम पर, बाहुबलियों के दम पर, लोकतांत्रिक संस्थाओं को खत्म करने का षडयंत्र उत्तर प्रदेश में हो रहा है। मैं आपसे अपील करूंगा कि आप केन्द्र सरकार को निर्देशित करें और उत्तर प्रदेश की लोकतांत्रिक संस्थाओं को बचाने का काम करें। **...**(व्यवधान)

13.01 hrs.

At this stage, Shri Premdas and some other hon. Members came

and stood on the floor near the Table.

अध्यक्ष महोदया : सिर्फ श्री धर्मेंद्र यादव जी की बात रिकॉर्ड में जाएगी।

â€¦(व्यवधान)

श्री धर्मेन्द्र यादव : महोदया, पहले उत्तर प्रदेश की सहकारिता, फिर उत्तर प्रदेश की विधान परिषद, फिर जिला पंचायतें, फिर नगर पंचायतें, फिर ब्लॉक प्रमुख आदि सभी लोकतांत्रिक संस्थाओं को खत्म किया जा रहा है। सभी संस्थाएं पूरी तरह से बेची जा रही हैं। संविधान के 74वें संशोधन के द्वारा सीधे जनता को जो अधिकार दिए गए थे, उनको खत्म कर दिया गया है। मेरी आपसे मांग है कि आप केन्द्र सरकार को निर्देश दें कि वह उत्तर प्रदेश सरकार को बर्खास्त करे और वहां की लोकतांत्रिक व्यवस्था को बचाने का काम करे। यही मुझे आपसे उम्मीद है। केन्द्र सरकार यह नूराकुश्ती बंद करे। कांग्रेस के लोग और बहुजन समाज पार्टी के लोग मिलकर जो खेल खेल रहे हैं, उसे बंद कीजिए और उत्तर प्रदेश की सरकार को बर्खास्त कीजिए। यही मेरी आपसे अपील है।

MADAM SPEAKER: The House stands adjourned to meet again at 2 p.m.

13.02 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Fourteen

of the Clock.